हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

13 सड़क पर लटकते इंटरनेट के तार बने परेशानी



14 सावन के पहले दिन गूंजे हर हर महादेव के जयकारे






## खबर संक्षेप

### 13 वर्षीय बच्ची को सांप ने डसा, अस्पताल में भर्ती

**बहादुरगढ़।** बरसात के इस मौसम में सर्पदंश के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। वीरवार की दोपहर भी शहर के छोटूराम नगर में 13 वर्षीय बच्ची को सांप ने डस लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने देखा तो उसे नागरिक अस्पताल में लेकर आए। बच्ची मधु का उपचार फिलहाल जारी है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। बता दें कि इस सीजन में अब तक इलाके में 15 से अधिक लोगों को सांप द्वारा डसने का मामले सामने आ चुके हैं।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 2 अगस्त को

**बहादुरगढ़।** ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल की ओर से 2 अगस्त को न्यूरो स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में न्यूरो संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क ओपीडी परामर्श दिया जाएगा। मैनेजर विक्की शर्मा ने बताया कि न्यूरो संबंधी बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। इसलिए ऐसी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### छावनी मोहल्ले में फास्ट फूड विक्रेता को झेलना पड़ा नुकसान

# गैस रिसाव के कारण गोदाम में लगी आग, सामान जला

- चूल्हे पर सब्जी बनती छोड़ सामने घर में चला गया मालिक, पीछे से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार रात छावनी मोहल्ला में गोदाम में सब्जी बनाते हुए गैस रिसाव के कारण अचानक आग लग गई। मोहल्लावासियों ने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद लोग रेत व मिट्टी से आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। इसके बाद आनन फानन में पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने थोड़ी सी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

आगजनी की घटना के पीड़ित रामबाबू ने बताया कि वह सब्जी मंडी के सामने फास्ट फूड की दुकान चलाता है। अपने घर के सामने ही स्थित अपनी एक छोटी सी दुकान को गोदाम के रूप में इस्तेमाल करता है और आवश्यक सामान भी वहीं तैयार किया जाता है। बुधवार की रात जब उसके घर में कुछ मेहमान आए तो वह रात करीब नौ बजे गोदाम खोल कर वहां गैस चूल्हे पर सब्जी बनाने लगा। इसी दौरान जब वह सामने स्थित अपने घर में मेहमानों से बात कर रहा था तभी उसे किसी ने आग लगने की सूचना दी। इसके बाद उसने बाहर निकल कर देखा तो गोदाम के अंदर रखा सामान आग पकड़ चुका था। इसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। गनीमत यह रही कि जब यह घटना हुई उस समय दुकान में कोई नहीं था। इस घटना में दुकान में रखी सब्जी, आटा, पानी की मोटर आदि सामान क्षतिग्रस्त हो गया।



**झज्जर।** दुकान में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए मोहल्लावासी।

### तारों में आग लगने से घंटों गुल रही बिजली

**बहादुरगढ़।** बराही रोड स्थित विश्वकर्मा चौक पर देर रात बिजली के तारों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते तार धू-धू कर जलने लगे। आग करीब 15 मिनट तक लगी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के दौरान बिजली निगम के शिकायत केंद्र पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना के बाद आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। करीब 9 घंटे बाद सुबह लगभग 5 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल की गई, जिससे रातभर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने निगम से शिकायत हेल्पलाइन को सुचारु रखने तथा ऐसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

### चारों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट प्रकाशन आज

**झज्जर।** एसआईआर कार्य अत्यंत संवेदनशील एवं उत्तरदायित्व पूर्ण कार्य है। इसमें कार्यरत प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यह निर्देश डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने एसआईआर अभियान के दूसरे चरण को लेकर सीईओ हरियाणा की वीसी उपरांत निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन उपरांत वोटर्स से 30 अगस्त तक प्राप्त दावे व आपतियों का निपटान किया जाएगा। ऐसे में अधिकारी वोटर की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क एक्टिव रखें। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को दोपहर बाद तीन बजे लघु सचिवालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई है, जिसमें एसआईआर के अगले चरण को लेकर विस्तृत चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 1 अगस्त से 30 अगस्त 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन कराने अथवा अन्य त्रुटियों के संबंध में दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी।

# एलएडीसी नीति के विरोध में वकीलों ने रखा नो वर्क



**बहादुरगढ़।** इकट्ठे होकर विरोध जताते अधिवक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ बार एसोसिएशनों की संयुक्त कार्रवाई समिति के आह्वान पर बहादुरगढ़ बार एसोसिएशन ने वीरवार को वर्तमान लीगल एड डिफेंस काउंसिल नीति के विरोध में नो वर्क रखा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में एकत्र होकर नीति के खिलाफ विरोध दर्ज कराया और एकजुटता का संदेश दिया।

बार एसोसिएशन के प्रधान रविन छिल्लर ने कहा कि एलएडीसी नीति के विरोध में प्रदेशभर के अधिवक्ता एकजुट हैं और जब तक अधिवक्ताओं की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता, तब तक विरोध जारी रहेगा। सचिव कपिल भारद्वाज ने बताया कि बार एसोसिएशन के निर्णय के अनुसार सभी सदस्यों ने न्यायिक कार्य से दूरी बनाए रखी। केवल आवश्यक मामलों में नामित प्रॉक्सी अधिवक्ताओं ने स्थगन के लिए न्यायालय में उपस्थिति दर्ज कराई।

बार एसोसिएशन ने न्यायिक अधिकारियों से भी सहयोग का अनुरोध किया कि नो वर्क के दौरान यथासंभव किसी भी पक्ष के विरुद्ध प्रतिकूल आदेश पारित न किए जाएं। इस अवसर पर संदीप डागर, दीपक भारद्वाज, दीपक वर्मा, हिमांशु सहरावत, जतिन सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अब 4 अगस्त तक जमा कराई जा सकती है स्नातक की फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा जारी संशोधित प्रवेश कार्यक्रम के तहत यूजी प्रथम वर्ष की प्रथम मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 अगस्त कर दी गई है। जबकि पीजी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 7 अगस्त तक किया जा सकेगा।

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्राएं निर्धारित अवधि में फीस जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें। विभागीय कार्यक्रम के अनुसार यूजी की द्वितीय प्रोविजनल मेरिट सूची 5 अगस्त तथा फाइनल मेरिट सूची 6 अगस्त को जारी होगी। दूसरी मेरिट सूची में चयनित छात्राओं की फीस जमा कराने की अवधि 7 से 11 अगस्त निर्धारित है। रिक्त सीटों के लिए 12 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद 13 अगस्त को प्रवेश पोर्टल दोबारा खोला जाएगा ताकि छात्राएं आवेदन या आवश्यक संशोधन कर सकें। प्रवेश नोडल अधिकारी सुजाता वर्मा ने बताया कि पीजी प्रथम वर्ष के अभ्यर्थियों के लिए महाविद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश परामर्श व ऑनलाइन पंजीकरण सहायता उपलब्ध है। तकनीकी समस्या, दस्तावेज सत्यापन या प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए छात्राएं महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि यूजी के बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा पीजी द्वितीय वर्ष की प्रमोटेड छात्राओं के प्रवेश भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं और अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय पर प्रवेश लें।



### 9 से 17 तक हर घर तिरंगा व वंदे मातरम अभियान चलेगा

**झज्जर।** भारत की आजादी के अमृतकाल के दौरान देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं को राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के उद्देश्य से 9 से 17 अगस्त तक जिले भर में हर घर तिरंगा एवं वंदे मातरम अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। जिला, उपमंडल, ब्लॉक, ग्राम पंचायत तथा शिक्षण संस्थानों में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह बात डीसी वर्षा खांगवाल ने वीरवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के साथ वीसी उपरांत अधिकारियों की बैठक में हर घर तिरंगा एवं वंदे मातरम अभियान, एक पेड़ मां के नाम तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

### जिले में 646238 बनाई जा चुकी आभा आईडी ऑनलाइन ही डॉक्टर से ले सकते हैं परामर्श

**झज्जर।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर राज्य मुख्यालय से डॉक्टर अंकित शर्मा ने वीरवार को स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए जिले में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, प्रगति एवं आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जिले के एसडीएच बेरी, मातनहेल तथा 26 स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों में नेक्स्टजेन ई-हॉस्पिटल प्रणाली शुरू की जा चुकी है। इस व्यवस्था के माध्यम से लाभार्थी आभा ऐप द्वारा क्यूआर कोड स्कैन कर बिना लंबी कतार में लगे ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सीधे चिकित्सक से परामर्श ले सकते हैं। इसके अलावा चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाइयां, जांच, प्रिसक्रिप्शन तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी अभिलेख लाभार्थी की आभा आईडी पर सुरक्षित रूप से उपलब्ध रहेंगे। डिजिटल मिशन के अंतर्गत एसडीएच बेरी को सरकारी मॉडल फैसिलिटी तथा मेडार्क अस्पताल को निजी मॉडल फैसिलिटी के रूप में चयनित किया गया है। जिले में अब तक 6,46,238 आभा आईडी बनाई जा चुकी है तथा एसडीएच बेरी में 116 लाभार्थी आभा ऐप के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले चुके हैं।

### पंचायत पर चौपाल तोड़कर मलबा बेचने का आरोप



**बहादुरगढ़।** परनाला के ग्रामीणों ने बीडीपीओ से मुलाकात कर पंचायत पर एससी समाज की चौपाल को तोड़ने तथा मलबे को बेचने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने मामले की जांच की मांग उठाई। बीडीपीओ ने जांच करवा नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। बीडीपीओ से मिलने वालों में पंच सुनील, पंच प्रतिनिधि देवेंद्र, ब्लॉक समिति प्रतिनिधि मंगू नंबरदार, रविंद्र, अशोक, जगदीश, बलवान, रमेश, जगन, चरण सिंह, अशोक कुमार, सुनील, मेहर सिंह शामिल रहे।

### रोडवेज बस से उतरते समय नीचे गिरी महिला की मौत

- चालक पर बस न रोकने व लापरवाही का आरोप

**झज्जर।** शहर के कोसली मार्ग पर रेलवे स्टेशन रोड के नजदीक रोडवेज बस से गिरने के कारण एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान क्षेत्र के गांव डावला निवासी पिंकी पत्नी प्रदीप कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में शुभम पुत्र राधेश्याम ने बताया कि वह बीती 29 जुलाई की सुबह करीब आठ बजे रोडवेज बस में अपनी चाची पिंकी के साथ शहर आ रहा था। जब बस रेलवे स्टेशन रोड के नजदीक पहुंची तो उसने उतरने के लिए बस चालक से बस रोकने की बात कही। आरोप है कि बस चालक ने बस को रोकने की बजाय धीमा कर दिया और जैसे ही उसकी चाची पिंकी बस से उतरने लगी तो अचानक बस की गति तेज कर दी जिस कारण वह जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद पिंकी को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में एसयूसीआई ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने वीरवार को रेलवे स्टेशन के सामने स्थित पार्क में महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने महंगाई पर नियंत्रण और युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और निजीकरण की नीतियों से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। देश की संपत्ति सीमित हाथों में सिमटती जा रही है, जबकि आम लोगों के लिए जीवन-यापन लगातार कठिन होता जा रहा है। राजबीर सिंह छिल्लर ने कहा कि रसोई गैस, डीजल और पेट्रोल की कीमतों में लगातार वृद्धि का असर परिवहन व आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। उन्होंने बिजली के निजीकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत पर भी चिंता व्यक्त की।

सतबीर सिंह ने सरकार से महंगाई कम करने, प्रत्येक हाथ को काम और युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनहितकारी नीतियां लागू कर आम लोगों को राहत दी जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संगठित जनआंदोलन को मजबूत करना आवश्यक है। प्रदर्शन में रामकिशन, राजबीर सिंह छिल्लर, सतबीर सिंह बल्हारा, विजय सिंह, विकास गीता, सुदेश, सविता, सरोज सहित अन्य कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।




**बहादुरगढ़।** महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करते एसयूसीआई कार्यकर्ता व अन्य।

**जागरूकता**

### रईया स्थित बागवानी अनुसंधान केंद्र में 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन

# पौधरोपण विकल्प नहीं, वर्तमान समय की जरूरत : कृष्ण बेदी

- जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों व नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव रईया स्थित बागवानी अनुसंधान केंद्र में वीरवार को जिला प्रशासन द्वारा 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए पौधारोपण व दीप प्रज्वलन कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति में वृक्षों को सदैव पूजनीय माना गया है। हमारे ऋषि-मुनियों ने प्रकृति और मानव के संबंध को जीवन का आधार बताया है। आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, प्रदूषण और जल संकट जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, तब वृक्षारोपण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता है। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर विधायक राजेश जून, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, संजय कबलाना, मनीष बंसल, संत सुरहेती, सुनीता चौहान, सोमवती जाखड़, प्रवीण जांगड़ा, कमल गिरोत्रा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी।



**झज्जर।** उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी।

### रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद



**झज्जर।** रात्रि ठहराव कार्यक्रम में समस्याएं सुनते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

खापड़वास में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी वर्षा खांगवाल ने न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व साथ ही गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकार का यह संकल्प है कि प्रशासन जनता के घर द्वार तक पहुंचे और उसकी समस्याओं को समझे। उन्होंने कहा कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिनका स्थानीय स्तर पर समाधान संभव होता है, ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम में जो शिकायतें दर्ज हुई हैं उनका प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से पौधरोपण अभियान चलाने, नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेंड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने पर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां

बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धूमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दी। जब बुद्धूमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।



पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा।

किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली

---

## दोस्तों की सुलह

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?



कहानी
सरस्वती रमेश



एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

---

कविता
सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



---

## जीके क्विज-216

1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

---

## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मोक्षित, ब्यावर**



आशना, जांजगीर



सार्थक, कोरबा



देवांश, महेंद्रगढ़



कुंजल, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद



दिशा, बिलासपुर

---

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सड़कों की मरम्मत व लाइटें दुरुस्त कराने की मांग

**बहादुरगढ़।** कांवड़ यात्रा को लेकर शिवभक्तों और विभिन्न कांवड़ सेवा समितियों ने प्रशासन से प्रमुख कांवड़ मार्गों की मरम्मत तथा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। ताकि कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो। प्रवीण सहित अन्य शहरवासियों का कहना है कि बहादुरगढ़ और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु गंगाजल लेकर पैदल भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए कांवड़ यात्रा करते हैं। ऐसे में विशेष रूप से निजामपुर रोड तथा नाहरा-नाहरी रोड की स्थिति सुधारना बेहद जरूरी है। यात्रा शुरू होने से पहले इन सड़कों की मरम्मत के साथ-साथ पूरे मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों को भी दुरुस्त कराया जाए, ताकि रात के समय भी श्रद्धालुओं को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

### गाय के साथ अनैतिक कार्य करने का आरोप

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में गाय के साथ अनैतिक कार्य करने का मामला सामने आया है। वहां रहने वाले एक युवक पर ही ये गंभीर आरोप लगा है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासी शीला देवी की शिकायत पर एफआईआर हुई है। शिकायत में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल मूल का रजब यहां किराये पर रहता है। गत 28 जुलाई की रात को गली में बैठी एक बेसहारा गाय के साथ उसने अनैतिक गतिविधि की है। घटनाक्रम की वीडियो भी हमने बना ली।

### नई केबल बिछाने के बाद पुरानी तारें नहीं हटाते इंटरनेट ऑपरेटर

**लोगों ने निगम और इंटरनेट कंपनियों से कार्रवाई की मांग की**

# सड़कों पर लटकती इंटरनेट की अनुपयोगी तारें बन रहीं परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इंटरनेट प्रदाता कंपनियों और ऑपरेटरों की लापरवाही के कारण शहर में बिजली के खंभे अतिक्रमण का शिकार हैं। खंभों पर तारों का मकड़जाल बना हुआ है। न केवल खंभों पर अतिरिक्त बोझ है बल्कि सड़कों, गलियों पर लटकती इंटरनेट की तारें भी हादसों को निमंत्रण दे रही हैं। दरअसल, कुछ इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियां या होल्डर केबल बिछाने के बाद उनकी नियमित देखरेख नहीं करतीं। वहीं, बिजली निगम भी खंभों पर बढ़ते तारों के इस अव्यवस्थित जाल को हटाने या व्यवस्थित कराने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता। एकाध बार नोटिस जारी जरूर किए जाते हैं लेकिन स्थिति वही बरकरार रहती है। यही वजह है कि शहर में कहीं भी यह समस्या देखने को मिल जाती है। एक-एक खंभे पर इंटरनेट की कई-कई तारें व बंडल लटके देखे जा सकते हैं। इनमें से काफी तारें बेकार और पुरानी हैं। खंभों पर बिजली की लाइनें, इंटरनेट केबल, डीटीएच और अन्य संचार कंपनियों के तार इस तरह उलझे हैं कि किसी खराबी या आग लगने की स्थिति में मरम्मत कार्य भी मुश्किल हो सकता है। सबसे बड़ी समस्या टूटी और लटकी हुई तारें की हैं। जब बिजली फाल्ट, आंधी या किसी अन्य कारणों से ये केबल टूट या कट जाती हैं तो कई बार इनकी जगह नई तार लगा दी जाती है। पुरानी तार वहीं पर महीनों तक लटकी रहती है और हादसों का कारण बनती है। बहादुरगढ़ की किसी भी कॉलोनी या सड़कों पर ऐसी लटकी तारें देखी जा सकती हैं। बहादुरगढ़ में बिना अनुमति के भी काम चलाया जा रहा है। हालांकि निगम द्वारा समय समय पर नोटिस भी दिए जाते हैं। बिजली निगम के एक अधिकारी ने बताया कि निर्धारित अनुमति, शुल्क और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए खंभों पर टेलीकॉम/ब्राडबैंड कंपनियां तारें लगा सकती हैं। लेकिन अनुपयोगी व बेकार तार को लंबे समय तो छोड़ना नियमों के विपरीत है। सबंधित एजेंसी और ऑपरेटर की जिम्मेदारी है कि नेटवर्क का रखरखाव करें और अनुपयोगी केबल हटाएं।


बहादुरगढ़। खंभे पर तारों का मकड़जाल।


बहादुरगढ़। खंभे से लटकती इंटरनेट की तार।


बहादुरगढ़। सड़क पर पड़ी टूटी हुई तार।

सिटी पल्स

### पुरानी तारें हटाना ऑपरेटरों की जिम्मेदारी



शहर के निवासी सचिन शर्मा ने कहा कि बिजली की तार हो या इंटरनेट की, इनकी वजह से लोगों को सहुलियत मिल रही है। लेकिन व्यवस्था का ख्याल रखना भी जरूरी है। ऑपरेटरों की जिम्मेदारी बनती है कि यदि कहीं तार टूटी है तो उसे रिपेयर किया जाए। यदि नई लगाने की जरूरत है तो पुरानी को हटाया जाए।

### दोपहिया चालकों के लिए बढ़ा खतरा



एचएल सिटी के निवासी आशीष ने कहा कि लगभग हर दूसरी गली में इंटरनेट की पुरानी टूटी लटकी तारें देखने को मिल जाएंगी। ये लटकी हुई तारें दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। दोपहिया वाहन चालकों को आने जाने में अधिक दिक्कतें होती हैं। इंटरनेट प्रदाता कंपनियों को इस दिशा में गंभीर होने की जरूरत है।

### खंभों से अतिक्रमण हटाए बिजली निगम



विवेक मुद्गिल ने कहा कि बिजली निगम को भी इस दिशा में गंभीर होने की जरूरत है। निगम अतिक्रमण से जकड़े अपने खंभों को सुव्यवस्थित कराए। कई बार तारों के जाल के कारण आग लग जाती है और फाल्ट ठीक करने में कर्मचारियों को दिक्कत आती है। हर कंपनी की जवाबदेही तय हो, तभी यह समस्या स्थाई रूप से खत्म होगी।



झज्जर। होनहार प्रतिभागी विद्यालय स्टाफ सदस्यों के साथ।

## डेक्लेमेशन में यशवी और मानसी ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में इंग्लिश डेक्लेमेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें चौथी और पांचवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्या प्रीति राठी की अध्यक्षता और उप-प्राचार्या नीलम कुमारी के निर्देशानुसार आयोजित प्रतियोगिता में अंग्रेजी अध्यापिका मंजू मोर व सरिता यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अध्यापिका रिंशु ग्रेवाल व हिम्मत डागर ने बताया कि चौथी कक्षा के विद्यार्थियों ने जीवन में अध्यापक की आवश्यकता विषय पर अपने मन के भावों को अभिव्यक्त किया। जिसमें लिली अनुभाग से यशवी ने प्रथम, टुलिप अनुभाग से हैप्पी ने द्वितीय और लोट्स अनुभाग से हुमिषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक को ना विषय पर अपने भावों को व्यक्त किया। जिसमें लिली अनुभाग से मानसी ने प्रथम, लोट्स अनुभाग से मनस्वी ने द्वितीय और अंशुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## विज्ञान व गणित प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत में वीरवार को नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और गणित क्विज का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका प्राध्यापक बिजेंद्र कुमार, प्राध्यापक रवीश कुमार, अध्यापक प्रेम सिंह ने निभाई जबकि अध्यापक दीपक यादव ने क्विज संचालक और प्राध्यापक दीपक कुमार स्कोरर की भूमिका में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में टीम ए में शामिल भावना, प्रियांशु, कनिका ने 32 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम सी के सदस्य रौनक, भावेश, खुशी 28 अंकों के साथ द्वितीय तथा टीम बी के सदस्य हिमांशु, दिक्षांत, दीक्षा 27 अंकों के साथ तृतीय रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्या संतोष कुमारी ने सम्मानित किया।

## न्यूज डायरी

### इनेलो अनुसूचित प्रकोष्ठ की बैठक 8 को



बहादुरगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल की अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की हलका स्तरीय बैठकें 8 अगस्त को झज्जर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला के 23 व 24 अगस्त को झज्जर दौरे तथा 27 सितंबर को नूंह में आयोजित होने वाली जननायक चौधरी देवीलाल सम्मान दिवस रैली की तैयारियों को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। बहादुरगढ़ हल्के की बैठक सुबह 11 बजे, झज्जर हल्के की बैठक दोपहर डेढ़ बजे तथा बेरी हल्के की बैठक दोपहर ढाई बजे होगी। बैठकों में इनेलो अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पहलवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मास्टर सुखबीर सरोहा करेंगे।

### खो-खो में कैंब्रिज स्कूल की टीम प्रथम



**झज्जर।** कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राचार्य प्रदीप नेहरा ने बताया कि छात्रा प्रियांशी ने जिला स्तरीय हैमर थ्रो प्रतियोगिता व छात्र उजेश रमन ने अंडर-17 आयु वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय की अंडर-17 आयु के बालक वर्ग की खो-खो टीम द्वितीय स्थान पर रही। इस उपलब्धि पर कैम्ब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन शरद यादव ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों तथा प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खेल प्रतियोगिता में शोभित ने दौड़ में जीते 2 गोल्ड




**बहादुरगढ़।** गांव भिंडावास में हुई जिला स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में दुल्हेड़ा के शोभित देशवाल ने शानदार प्रदर्शन किया। शोभित पुत्र सतबीर ने अंडर-17 की 800 व 1500 मीटर दौड़ में भाग लिया। दोनों ही स्पर्धा में सबसे तेज दौड़ते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किए। इसके साथ ही नेशनल के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया। शोभित के प्रदर्शन पर उसके परिजनों, शिक्षकों और साथियों ने खुशी जताई है। शोभित का कहना है कि नेशनल में भी वह अपनी तरफ से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन करने का प्रयास करेगा।

## जिला स्तरीय कबड्डी में अंडर-14 आयु वर्ग में साल्हावास ब्लॉक रहा प्रथम


झज्जर। विजेता खिलाड़ियों के साथ उपस्थित रिलायंस मेट सिटी अधिकारी एवं अतिथि।

**झज्जर।** रिलायंस मेट सिटी में वीरवार को जिला स्तरीय स्कूली खेलों की कबड्डी में खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबलों के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह ने किया। प्रतियोगिता में बेरी, झज्जर, बहादुरगढ़, साल्हावास एवं मातनहेल खंडों की कुल 15 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक खंड से तीन-तीन टीमों सहित कुल 180 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर-14 आयु वर्ग में साल्हावास ब्लॉक प्रथम, अंडर-17 में बेरी, अंडर-19 वर्ग में बहादुरगढ़ रहा प्रथम। इस दौरान रिलायंस मेट सिटी के सीएसआर प्रमुख रोमेल राज्याण, सीएसआर लीड लोकेश कापसे, संजय गुलाटी, राजकुमार पंघाल, अक्षय धनखड़, चंचल, बीरेंद्र, डॉक्टर राजेंद्र, कृष्ण धनखड़, जयकवार, दिलबाग, नरेंद्र, धर्मेंद्र, जयसिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## बीएलओ व सुपरवाइजर को एसआईआर अभियान के पोस्ट ड्राफ्ट चरण का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारत निर्वाचन आयोग के एसआईआर अभियान के पोस्ट ड्राफ्ट चरण के तहत वीरवार को संवाद भवन में बेरी विधानसभा क्षेत्र से जुड़े निर्वाचन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने कहा कि अपडेट और त्रुटिरहित मतदाता सूची मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। इसी उद्देश्य से अधिकारियों को नवीन दिशा-निर्देशों, कानूनी प्रावधानों और तकनीकी प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निर्वाचन उप तहसीलदार कुलदीप ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारियों को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद प्राप्त होने वाले दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण निर्धारित नियमों एवं समय सीमा के भीतर करने की प्रक्रिया समझाई। नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, प्रविष्टियों में संशोधन, पते में बदलाव तथा अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने से संबंधित प्रत्येक आवेदन का विधिसम्मत परीक्षण की जानकारी दी गई।


झज्जर। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेरी विधानसभा क्षेत्र के ट्रेनिंग लेते हुए अधिकारी।


झज्जर। छात्रों को जागरूक करते हुए नशा मुक्ति टीम।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव साइबर अपराध और ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति टीम के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने तक्षशिला स्कूल वजीरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

## जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में पर्व व जिम्नास्टिक में वीरा रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर जगह बनाई है। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि अंडर-17 आयु वर्ग की 50 मीटर व 100 मीटर फ्री स्टाईल तैराकी में पर्व तथा अंडर-14 आयु वर्ग की जिम्नास्टिक स्पर्धा में छात्रा वीरा ने पहला स्थान हासिल करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। स्कूल पहुंचने पर संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, स्कूल प्रबंधक केएम डागर, रविंद्र लोहचब व मुकेश शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं डीपीई अमित लोहचब, विशाल सिंह व महेंद्र सैनी के प्रयासों की सराहना भी की।


झज्जर। विजेता खिलाड़ियों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए शिक्षक।

## आरईडी के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन


झज्जर। आरईडी की विजेता छात्राएं।

**झज्जर।** आरईडी स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। अंडर-14 आयु वर्ग की जिम्नास्टिक स्पर्धा में भव्या सैनी ने प्रथम व कुश्ती में सुप्रिया ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्राचार्या पूजा ने बताया कि इनके अलावा छात्र संचित व यशदेव ने वॉलीबॉल, छात्रा जिनिशा व प्रियांजल ने बैडमिंटन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

## स्वच्छता के दावों को आईना दिखा रहे बदहाल सीवर



**बहादुरगढ़।** स्वच्छता के दावों के बीच बहादुरगढ़ में नालों और सीवरों की व्यवस्था बदहाल है। कहीं नाले ओवरफ्लो रहते हैं तो कहीं सीवरों की गंदगी बाहर निकलकर स्वच्छता के दावों को मुंह चिढ़ा रही है। कई कॉलोनियों में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या गहराई है। रोहतक-दिल्ली रोड पर भी ऐसे ही हालात हैं। यहां सूरजमल वाली गली के निकट दिल्ली रोड पर लंबे समय से सीवर जाम है। हर वक्त गंदगी बाहर निकलकर सड़क पर बहती है। दुकानों के बाहर जमा हो रही है। दुर्गंध तो फैली रहती ही है, आवागमन भी बाधित है। लोगों पर गंदगी के छींटें लगते हैं। पैदल राहगीरों को अधिक दिक्कतें हो रही हैं। तमाम अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों का यहां से गुजरना होता है, लेकिन समाधान की दिशा में किसी का भी ध्यान नहीं है।

### गुरु पूर्णिमा पर बाबा कांशीगिरी मंदिर में सजी भजन संध्या

# इतनी कृपा बाबा जी बनाए रखना, मरते दम तक सेवा में लगाए रखना.. भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि गुरु का सम्मान करना हम सभी का परम कर्तव्य है। गुरु की कृपा असंभव को संभव बनाती है। गुरु पर विश्वास करने पर ही परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में संगीता वर्मा, पूनम छाबड़ा, आशा ग्रोवर, आशा नागपाल, शशी हंस, उषा काठपालिया, नीलम गाबा, आशु, भावना काठपालिया, शशी खत्री, प्रीति गाबा, पूनम चुघ, सृष्टि रंजन, यशिका रंजन, कमल लता शर्मा, इंदु भूगड़ा ने भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने इतनी कृपा बाबा जी बनाए रखना मरते दम तक सेवा में लगाए रखना..सतगुरु मैं तेरी पतंग, बाबा मैं तेरी पतंग,...भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में आरती करते हुए श्रद्धालु।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर समिति के नरेंद्र मदान, कृष्ण लाल शर्मा, वेद बहल पाशु, विनीत पोपली, गुलशन शर्मा, अमित पोपली, मनोहर लाल तनेजा, आशीष पोपली, पदम खट्टर, डॉक्टर शंकर ग्रोवर, आशीष चावला, मनीष मेहता, हेमंत वर्मा, जगदीश गेरा, देवराज भूगड़ा, आदर्श वर्मा, मुकेश अरोड़ा, राजकुमार चुघ, दिनेश दुजाना, सुरेंद्र गंभीरिया, प्रदीप काठपालिया, भारत भूषण नंदा, अनिल छाबड़ा, विकास नरुला, ध्रुव सेठी, मनोज तलवार, नरेंद्र पाहवा, सतीश वर्मा, सुनील चुघ, डॉक्टर जय किशन सरदाना आदि मौजूद रहे।

# सावन के पहले दिन मंदिरों में गूंजे हर हर महादेव के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सावन माह के पहले दिन शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुबह से ही मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे और श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी मंदिर, चौरासी घंटे वाली माता मंदिर, श्रीबूढ़ा महादेव मंदिर, प्राचीन खाटू श्याम मंदिर, चौपटा बाजार शिव मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री गोपाल मंदिर, श्री लेखराज मंदिर, श्री दुर्गा भवन मंदिर, श्री प्रेम मंदिर, दिल्ली गेट शिवालय मंदिर, डाबरा मंदिर, देवालय आश्रम मंदिर, शिव मंदिर बेरी गेट, शिव मंदिर रोहतक रोड, शिव मंदिर आर्य नगर, शिव मंदिर छावनी मौहल्ला सहित शहर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, फूल फल आदि चढ़ाकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पंडित कृष्ण लाल वशिष्ठ ने कहा कि सावन मास में शिव की पूजा का विशेष महत्व है।


झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में शिव का जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु।

सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन मास में भगवान शिव को जल मात्र चढ़ाने से वह अति प्रसन्न हो जाते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। वहीं युवा कावड़ लाने और कावड़ शिविर की तैयारियों में जुटे हुए हैं। शिव भक्त कांवड़ियों का शहर में आवागमन भी शुरू हो गया है।

पौधरोपण कर पर्यावरण बचाएं

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति किरन देवी, मोहित छिकारा, दिपक छिकारा, मनीष पुत्र/पति/पत्नी स्व. श्री रमेश छिकारा निवासी मकान नम्बर-21/227, टीचर कालोनी बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal Property ID No. 3BYV6FQ0 Ward No. 21 कॉलोनी टीचर कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड में रमेश छिकारा के नाम दर्ज है। रमेश छिकारा की मृत्यु उपरान्त अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में उक्त प्रॉपर्टी आईडी नम्बर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं। जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नम्बर-3BYV6FQ0 वार्ड नम्बर-21 कॉलोनी टीचर कॉलोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नम्बर 3BYV6FQ0 (215 वर्ग गज) प्रार्थी श्रीमति किरन देवी, मोहित छिकारा, दिपक छिकारा, मनीष पुत्र/पति/पत्नी स्व. श्री रमेश छिकारा के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जायेगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़

### अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया

# पौधरोपण केवल अभियान नहीं, आने वाली पीढ़ियों के प्रति नैतिक जिम्मेदारी: प्रकाश

**छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण के लिए दिया संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। शिक्षकों व छात्राओं के साथ उपस्थित ट्रस्ट पदाधिकारी एवं अन्य।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना, प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना रहा। महाराजा अग्रसेन एजुकेशन ट्रस्ट सदस्य प्रकाश चंद्र गर्ग, प्रदीप शर्मा व आनंद सिंघल ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए शिक्षकों व छात्राओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उनकी नियमित देखभाल भी करें।

## राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज में स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

झज्जर । राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब तथा इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाना आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य का उपहार भी है। हर विद्यार्थी को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी पूरी देखरेख का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस अधिकारी आन्या सांगवान एवं डॉक्टर राकेश कुमार, यूथ रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब नोडल अधिकारी डॉक्टर ज्योति एवं विप्लव शर्मा तथा इको क्लब की टीम ने किया।



**देखभाल करने का संकल्प लिया**

एनएसएस स्वयंसेवकों, वाईआरसी और आरआरसी वॉलंटियर्स तथा अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया तथा पौधों को गोद लेकर भविष्य में उनकी समुचित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्राध्यापक डॉक्टर एसके पूनिया सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगाए पौधे



बहादुरगढ़। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस, आउटरीच सेल व इको क्लब की छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं से वृक्षों व प्रकृति के साथ मित्रता करने का आह्वान किया। डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. राजदीप कुलश्रेष्ठ ने छात्रों से प्रकृति के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पेड़ लगाना नहीं, बल्कि उन्हें बड़ा करना व उनकी सम्पूर्ण देखभाल करना भी है। कार्यक्रम में खुशबू व चंचल का विशेष योगदान रहा।

### जसोरखेड़ी में विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए



बहादुरगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय जसोरखेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप कुमार के नेतृत्व में परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। एनएसएस प्रभारी डॉ. सुनैना ने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक है, जब उनकी नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जाए। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए और उन्हें घर या अन्य उपयुक्त स्थानों पर पौधे लगाकर उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सुनील सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। बच्चों संग पौधरोपण करतीं प्रिंसिपल व स्वयंसेविकाएं।

### पौधरोपण कर महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की

बहादुरगढ़। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं ने रतन टाटा सिटी फॉरेस्ट में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए तथा उपस्थित नागरिकों को तुलसी के पौधों का वितरण भी किया। आसपास के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है।

### राजकीय कॉलेज में पौधे लगाकर उनके संरक्षण की शपथ दिलवाई

बहादुरगढ़। राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में एनएसएस, एनसीसी और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या सुमन हुड्डा, एनसीसी के कप्तान डॉ. मनोज कुमार, सीटीओ सोनिया, एनएसएस इकाई-1 के कार्यक्रम अधिकारी साहिल तथा इकाई-2 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स और इको क्लब के सदस्यों ने पौधे लगाए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया।


बहादुरगढ़। कॉलेज परिसर में पौधे लगाते शिक्षक व स्वयंसेवक।

## संस्कारम पब्लिक स्कूल की छात्र परिषद ने ली शपथ



**हेड बॉय मयंक के नेतृत्व में छात्र परिषद ने अपने पद एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली**

झज्जर। संस्कारम पब्लिक स्कूल में वीरवार को नए शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र परिषद का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्रों ने कुशल नेतृत्व, अनुशासन व समर्पण के भाव से संघर्षरत रहते हुए समाज का बोझ उठाने, गुरुओं का सम्मान करने वह समाज के लिए उदाहरण बनने का संकल्प लिया। समारोह में संस्कारम ग्रुप की चेयरपर्सन सुमन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। विद्यालय छात्र परिषद एवं हाऊस प्रीफेक्ट्स को सैश और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। छात्र परिषद एवं हाऊस प्रीफेक्ट्स ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। हेड बॉय मयंक के नेतृत्व में छात्र परिषद ने अपने पद एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। विद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र परिषद के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसमें हेड बॉय मयंक, हेड गर्ल अंशी, स्पोर्ट्स हेड बॉय प्रिंस, स्पोर्ट्स हेड गर्ल आरजू, डिसिप्लिन हेड बॉय प्रेरित, डिसिप्लिन हेड गर्ल राशि, कल्चरल हेड बॉय विनीत, कल्चरल हेड गर्ल गौरी तथा आर्ट एंड क्राफ्ट हेड हर्षिता को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मुख्यतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा भविष्य में भी बढ़-चढ़कर जिम्मेदारियां निभाने के लिए प्रेरित किया।

### चौधरी धीरपाल राजकीय कॉलेज में लगाए पौधे



बहादुरगढ़ । बादली में स्थित चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने की। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। एनसीसी अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू गुलिया व संदीप के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। सभी प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

### स्वयंसेवकों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में वीरवार को वन महोत्सव के अंतर्गत प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर, एनएसएस यूनिट एक प्रभारी डॉक्टर अमित कुमार, यूनिट दो की प्रभारी डॉक्टर सरला ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम तथा एक स्वयंसेवक-एक पौधा अभियान को विशेष रूप से संचालित किया गया। इन अभियानों के माध्यम से प्रत्येक स्वयंसेवक को अपनी माता के सम्मान एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कम-से-कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण के दौरान पौधों के उचित रखरखाव, सिंचाई, सुरक्षा तथा नियमित निगरानी की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई ताकि लगाए गए पौधों का संरक्षण प्रभावी रूप से हो सके। इस मौके पर डॉक्टर रणदीप, डॉक्टर मयंक, डॉक्टर सोमवीर, डॉक्टर राजेश, डॉक्टर रेणू, डॉक्टर सुमन, पूनम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नप के सफाई दरोगा सुंदरलाल सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगर परिषद में कार्यरत सफाई दरोगा सुंदरलाल वीरवार को अपनी सेवाएं पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में नगर परिषद परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह में नप के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि सुंदरलाल ने अपने पूरे सेवा काल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुंदरलाल को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

## शिक्षिका सरोज राठी 31 साल की सेवा के बाद हुईं सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बालौर के राजकीय हाई स्कूल में सामाजिक विज्ञान की अध्यापिका सरोज राठी के 31 वर्ष के शिक्षकीय कार्यकाल पूर्ण होने पर वीरवार को सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। स्कूल स्टाफ, ग्रामीणों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने उन्हें सम्मानित कर स्वस्थ व सुखद जीवन की शुभकामनाएं दीं।

सरोज राठी ने वर्ष 1995 में राजकीय हाई स्कूल खरमाण से शिक्षा विभाग में सेवाएं शुरू की थीं। उन्होंने 2019 से 2026 तक राजकीय हाई स्कूल बालौर में सेवाएं दीं। समारोह में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक, बीईओ शेर सिंह, प्राचार्य संजीव खत्री, कप्तान सिंह, पूनम मक्कड़, रवि धनखड़, हैडमास्टर शमशेर लोहचब, डीईईओ कार्यालय से सहायक सत्यदेव राठी, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, प्रोफेसर सोमबीर, अध्यापिका शकुंतला तहलान, राजबीर सिंह बालौर आदि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सरोज राठी को स्मृति चिह्न व उपहार भेंट कर उनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान की सराहना की गई।


बहादुरगढ़। सेवानिवृत्ति पर सरोज राठी को सम्मानित करते अधिकारी व प्रिंसिपल।



### शिविर में 45 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

झज्जर। एक पहल सबका सहयोग संस्था द्वारा वीरवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष राम अवतार दीपक गहलावत ने बताया कि रक्तदान शिविर में कुल 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र व बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीटीओ डॉक्टर इंदिरा हसीजा, नर्सिंग ऑफिसर ममता, लैब टैकनीशियन सारिका, प्रीति, ज्योति, काउंसलर अशोक कुमार, राखी व जिला रेड क्रॉस से हेल्थ एजुकेटर दीपक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### पौधों की देखभाल व सरंक्षण के लिए किया प्रेरित




झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनेहल में वीरवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारी पिंकी रानी ने स्वयंसेवको को पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉक्टर राकेश, ओमपति, सोनू रानी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया

## लघु नाटिका के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी व एनएसएस के तत्वावधान में कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थियों द्वारा भाषण, निबंध प्रतियोगिता और कारगिल युद्ध पर आधारित लघु नाटिका के माध्यम से वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

लघु नाटिका में विद्यार्थियों ने कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन अनुज नैयर, लेफ्टिनेंट सौरभ कालिया, वेदपाल मलिक तथा मेजर मोहित सहित कारगिल के वीर सैनिकों की भूमिकाओं का प्रभावशाली मंचन किया। टाइगर हिल सहित युद्ध के विभिन्न दृश्यों को सजीव प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया गया, जिसने उपस्थित सभी को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 1999 के कारगिल युद्ध में भारत के 527 सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था, जिनमें 75 वीर हरियाणा से थे। ऑपरेशन विजय के तहत 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल की चोटियों को घुसपैठियों से मुक्त कराया था। कारगिल युद्ध में असाधारण वीरता के लिए कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, राइफलमैन संजय कुमार और लांस नायक योगेंद्र सिंह यादव को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल मंजू रानी ने विद्यार्थियों से राष्ट्रसेवा, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में राजनीति विज्ञान प्रवक्ता रितु देशवाल, संगीत प्रवक्ता सुशील कुमारी, फाइन आर्ट्स प्रवक्ता एवं एनसीसी प्रभारी रश्मि वर्मा तथा इतिहास प्रवक्ता एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. राकेश वत्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षक व स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## स्विमिंग चैंपियनशिप में छाए जीडी गोयनका के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई नॉर्थ ज़ोन-2 स्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल प्रथम रनर-अप ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 28 जुलाई तक हरियाणा के सिरसा में हुआ। विद्यालय के तैराकों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। शोभित गिल ने 200 मीटर, 100 मीटर और 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में तीन स्वर्ण पदक तथा 200 मीटर फ्रीस्टाइल व एक अन्य व्यक्तिगत स्पर्धा में 2 रजत पदक जीतकर सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिव्यांशु गुलिया ने 200 मीटर और 100 मीटर बटरफ्लाई के साथ 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक हासिल किए। अंडर-14 वर्ग में मयंक यादव ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीते, जबकि अरमान ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक अपने नाम किया। अंडर-17 मेडले रिले में चैतन्य, नितेश खत्री, दिव्यांशु गुलिया और अरमान की टीम ने शानदार तालमेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। शोभित गिल, अरमान, दिव्यांशु गुलिया, नितेश खत्री और चैतन्य का चयन आगामी सीबीएसई नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। प्रिंसिपल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशिका शैलजा जून ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता की नई पहचान बना रहे हैं।

